# उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की कार्य-सूची

-----------

गुरुवार, 28 अग्रहायण, शक संवत् 1946

(19 दिसम्बर, 2024)

-------

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1-प्रश्न (देखिये नत्थी 'क')।

2-प्रमुख सचिव, विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित निम्नलिखित विधेयकों को सदन की मेज पर रखेंगे :-

(1) उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024

(2) उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024

अनन्तिम रूप से

(3) उत्तर प्रदेश विनियोग (2024-2025 का द्वितीय अनुपूरक) विधेयक, 2024

(श्री अध्यक्ष ने प्रमाणित किया है कि यह एक धन विधेयक है।)

3-उच्च शिक्षा मंत्री, उच्च शिक्षा अनुभाग-5 की अधिसूचना संख्या-3118/सत्तर-5-2023-25-2019-टी0सी0-18, दिनांक 13 दिसम्बर, 2023 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग नियमावली, 2023 को शुद्धि-पत्र संख्या-31/2024/571/सत्तर-5-2024-25-2019-टी0सी0-18, दिनांक 27 मई, 2024 सहित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम, 2023 की धारा-27 की उपधारा (2) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन की मेज पर रखेंगे।

4-उप मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के गिरते स्तर के सम्बन्ध में सर्वश्री शाह आलम, लाल बिहारी यादव, मो0 जासमीर अंसारी, राजेन्द्र चौधरी, (डा0) मान सिंह यादव, आशुतोष सिन्हा, शाहनवाज खान, मुकुल यादव व श्री किरण पाल कश्यप, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 31 जुलाई, 2024 को नियम-105 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर कृत कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे।

5-उप मुख्य मंत्री, जनपद-लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ नगर के प्रतिष्ठित सीतापुर नेत्र चिकित्सालय में पर्याप्त चिकित्सकों एवं स्टाफ की तैनाती व चिकित्सालय का जीर्णोद्धार करवाये जाने के सम्बन्ध में श्री अनूप कुमार गुप्ता व श्री रजनीकांत महेश्वरी, सदस्य विधान परिषद् द्वारा दिनांक 31 जुलाई, 2024 को नियम-110 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर कृत कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे।

6-उप मुख्य मंत्री, जनपद सीतापुर में लहरपुर के अस्पतालों में बेडों की संख्या 100 करने तथा एक्स-रे व अल्ट्रासाउण्ड मशीन लगवाये जाने के सम्बन्ध में श्री मो0 जासमीर अंसारी व श्री मुकुल यादव, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 01 अगस्त, 2024 को नियम-110 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर कृत कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे।

7-उप मुख्य मंत्री, जनपद-सोनभद्र में 20 वर्ष से कार्यरत मलेरिया निरीक्षकों का स्थानान्तरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री आशुतोष सिन्हा व डा0 मान सिंह यादव, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 01 अगस्त, 2024 को नियम-110 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर कृत कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे।

8-उप मुख्य मंत्री, जनपद बाराबंकी के विकास खण्ड-त्रिवेदीगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत-भिलवल के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (मकनपुर) की बाउन्ड्रीवाल को ऊँचा कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अनूप कुमार गुप्ता, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 01 अगस्त, 2024 को नियम-111 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर वक्तव्य देंगे।

9-श्री पवन कुमार सिंह, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम तुलसीपुर, ग्राम पंचायत-करौदी, विकास खण्ड-बिसवां, जनपद-सीतापुर के निवासियों की ओर से गांव के बाहर ट्रांसफार्मर तक इण्टरलॉकिंग सड़क का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिए देखिये नत्थी 'ख')

10-श्री पवन कुमार सिंह, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम तुलसीपुर, ग्राम पंचायत-करौदी, विकास खण्ड-बिसवां, जनपद-सीतापुर के निवासियों की ओर से करौदी प्राइमरी पाठशाला तक इण्टरलॉकिंग सड़क का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिए देखिये नत्थी 'ग')

11-डा0 मान सिंह यादव, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत गंगोत्री विहार, फेस-2, भैंसोरा, खरगापुर, गोमती नगर विस्तार, जनपद-लखनऊ के निवासियों की ओर से इण्टरलॉकिंग सड़क का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिए देखिये नत्थी 'घ')

12-श्री श्रीचन्द शर्मा, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम-चिन्दलिख दुबे, ग्राम पंचायत-कतरन, पोस्ट-राजपुर, विकास खण्ड-सिटी, जनपद-मिर्जापुर के निवासियों की ओर से सड़क का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिए देखिये नत्थी 'ङ')

13-मुख्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पर विचार किया जाय।

14-मुख्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पारित किया जाय।

15-मुख्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पर विचार किया जाय।

16-मुख्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पारित किया जाय।

17-श्रम मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पर विचार किया जाय।

18-श्रम मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पारित किया जाय।

19-उच्च शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पाँचवाँ संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पर विचार किया जाय।

20-उच्च शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पाँचवाँ संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पारित किया जाय।

21-उच्च शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (छठवाँ संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पर विचार किया जाय।

22-उच्च शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (छठवाँ संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पारित किया जाय।

23-उच्च शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (सातवाँ संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पर विचार किया जाय।

24-उच्च शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (सातवाँ संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पारित किया जाय।

25-उच्च शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (आठवाँ संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पर विचार किया जाय।

26-उच्च शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (आठवाँ संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पारित किया जाय।

27-पशुधन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पर विचार किया जाय।

28-पशुधन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पारित किया जाय।

29-मुख्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पर विचार किया जाय।

30-मुख्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पारित किया जाय।

31-वित्तीय वर्ष 2024-2025 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों पर सामान्य चर्चा। (द्वितीय दिवस)

अनन्तिम रूप से 32-वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश विनियोग (2024-2025 का द्वितीय अनुपूरक) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पर विचार किया जाय।

अनन्तिम रूप से 33-वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश विनियोग (2024-2025 का द्वितीय अनुपूरक) विधेयक, 2024, जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पारित किया जाय।

34-श्री विजय बहादुर पाठक, सदस्य विधान परिषद् द्वारा दिनांक 08 फरवरी, 2024 की बैठक में प्रस्तुत संकल्प पर विचार प्रारम्भ-

''इस सदन का निश्चित मत है कि उत्तर प्रदेश सरकार की नगरीय विस्तारीकरण की महत्वाकांक्षी योजना में बाधक बने भू-माफियाओं पर अंकुश लगाते हुये कठोर कार्यवाही की जाय।''

35-निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत किये जायेंगे :-

| | |
|---|---|
| (1) श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य, विधान परिषद्। | ''इस सदन का निश्चित मत है कि विधान मण्डल सदस्यों को क्षेत्र विकास हेतु मिलने वाली विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि को जी0एस0टी0 से बाहर रखते हुए भारत सरकार से अनुरोध किया जाय।'' |
| (2) श्री विजय बहादुर पाठक, सदस्य, विधान परिषद्। | ''इस सदन का निश्चित मत है कि पृथ्वी पर प्राकृतिक शोभा एवं मानव स्वास्थ्य के लिए पर्यावरण की सुरक्षा, विकास का अनिवार्य भाग है।'' |

लखनऊ :
गुरुवार, 28 अग्रहायण, शक संवत् 1946
(19 दिसम्बर, 2024)

आज्ञा से,
**डा0 राजेश सिंह,**
प्रमुख सचिव।

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| *1 | 12-9-2024 |
| *2 | 12-9-2024 |
| *3 | 12-9-2024 |
| *4 | 12-9-2024 |
| *5 | 26-9-2024 |
| *6 | 26-9-2024 |
| *7 | 5-11-2024 |
| *8 | 5-12-2024 |
| *9 | 5-12-2024 |
| *10 | 5-12-2024 |
| *11 | 5-12-2024 |
| *12 | 5-12-2024 |
| *13 | 5-12-2024 |
| *14 | 5-12-2024 |
| *15 | 5-12-2024 |
| *16 | 5-12-2024 |
| *17 | 5-12-2024 |
| *18 | 5-12-2024 |

**अतारांकित प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| 1 | 12-9-2024 |
| 2 | 12-9-2024 |
| 3 | 12-9-2024 |
| 4 | 12-9-2024 |
| 5 | 26-9-2024 |
| 6 | 26-9-2024 |
| 7 | 26-9-2024 |
| 8 | 4-10-2024 |
| 9 | 4-10-2024 |
| 10 | 4-10-2024 |
| 11 | 4-10-2024 |
| 12 | 4-10-2024 |
| 13 | 4-10-2024 |
| 14 | 4-10-2024 |
| 15 | 4-10-2024 |
| 16 | 14-10-2024 |
| 17 | 15-10-2024 |
| 18 | 15-10-2024 |
| 19 | 15-10-2024 |
| 20 | 17-10-2024 |
| 21 | 5-11-2024 |
| 22 | 5-11-2024 |
| 23 | 5-11-2024 |
| 24 | 5-11-2024 |
| 25 | 5-11-2024 |
| 26 | 5-11-2024 |
| 27 | 5-11-2024 |
| 28 | 5-11-2024 |
| 29 | 8-11-2024 |
| 30 | 8-11-2024 |
| 31 | 8-11-2024 |
| 32 | 3-12-2024 |
| 33 | 3-12-2024 |
| 34 | 3-12-2024 |
| 35 | 3-12-2024 |
| 36 | 3-12-2024 |
| 37 | 3-12-2024 |
| 38 | 4-12-2024 |
| 39 | 11-12-2024 |
| 40 | 11-12-2024 |

# नत्थी 'क'

गुरुवार, दिनांक 19 दिसम्बर, सन् 2024 ई0

---------

## तारांकित प्रश्न

### प्रदेश में बढ़ रहे मरीजों की संख्या की रोकथाम हेतु सरकार द्वारा बनायी गयी योजनाओं तथा चिकित्सकों के पदों को बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में

डा0 मान सिंह यादव
1

*1-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि प्रदेश में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है ? — उप मुख्य मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो सरकार की तरफ से बीमारी कम करने की रोकथाम हेतु कौन-कौन सी योजनायें प्रचलित हैं और पिछले दो साल में स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने चिकित्सकों के पदों को बढ़ाया गया है ?

(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**जनपद-वाराणसी में नागरिक मलेरिया इकाई में रिक्त पदों के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>2 | *2-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद वाराणसी में नागरिक मलेरिया इकाई में कितने स्वीकृत पद हैं ?<br>(ख) कुल पदों के सापेक्ष वर्तमान में कितने पद रिक्त है ?<br>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |

**जनपद-लखनऊ में साँई उत्कृष्ट बाजार कॉम्प्लेक्स रतनखण्ड में डा0 लाल पैथ लैब्स से सम्बन्धित जानकारी के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री किरण पाल कश्यप<br>3 | *3-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि साँई उत्कृष्ट बाजार कॉम्प्लेक्स, रतनखण्ड, जनपद लखनऊ में डा0 लाल पैथ लैब्स नाम से ब्लड आदि का जांच केन्द्र खुला हुआ है ?<br>(ख) क्या उक्त लैब में कोई प्रशिक्षित कर्मचारी व डॉक्टर नहीं बैठते हैं और लैब्स बोर्ड पर रजिस्ट्रेशन आदि भी नहीं लिखा गया है ?<br>(ग) यदि हां, तो उक्त लैब को बन्द करने एवं इसका संचालन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करायेंगे ?<br>(घ) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |

**जनपद-उन्नाव के जिला चिकित्सालयों में चिकित्सकों एवं स्टॉफ की तैनाती के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री राज बहादुर सिंह चन्देल<br>4 | *4-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद उन्नाव के जिला चिकित्सालयों (महिला/पुरूष) में चिकित्सकों एवं स्टॉफ के कुल कितने पद दिनांक 31-07-2024 तक रिक्त चल रहे हैं ?<br>(ख) उक्त रिक्त पदों पर मरीजों के हित में चिकित्सकों एवं स्टॉफ की तैनाती कब तक करायेंगे ? | उप मुख्य मंत्री |

**जनपद-सिद्धार्थनगर में कुपोषित बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के नाम पर सरकारी धन में हुयी अनियमितताओं की जाँच के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी<br>5 | *5-(क) क्या बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सिद्धार्थनगर में दिनांक 01 अप्रैल, 2020 से 31 अगस्त, 2024 तक कितने कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन किया गया तथा उनमें से कितने बालक एवं कितनी बालिकायें थीं ?<br>(ख) क्या उक्त बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने के नाम पर सरकारी धन में अनियमिततायें की गयीं ?<br>(ग) जनपद-सिद्धार्थनगर में कुपोषण से कुपोषित बच्चों के सम्बन्ध में विभाग द्वारा दी गई संख्या कमोवेश एक दशक से एक ही जैसी है और खुलेआम सरकारी धन और प्रदत्त सामग्रियों में अनियमिततायें की गई हैं ?<br>(घ) क्या उक्त की उच्च स्तरीय जांच कराकर जांच आख्या सदन की मेज पर रखेंगे ? | बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री |

**जनपद मैनपुरी के तहसील-करहल के ग्राम-चन्द्रपुरा के सरकारी हॉस्पिटल में बेड, डॉक्टर व स्टॉफ के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री मुकुल यादव<br>6 | *6-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद-मैनपुरी के तहसील-करहल के ग्राम चन्द्रपुरा के सरकारी हॉस्पिटल में कितने बेड की व्यवस्था है एवं कितने डॉक्टर व स्टॉफ की तैनाती है ?<br>(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |

**जनपद-गोरखपुर में संचालित गैस्ट्रो लीवर हॉस्पिटल में हुयी घटना पर कार्यवाही के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह<br>7 | *7-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद-गोरखपुर में संचालित गैस्ट्रो लीवर हांस्पिटल में दिनाँक 03 एवं 04 अक्टूबर, 2024 को हुयी घटना के सम्बन्ध में दिनाँक 10-10-2024 का पत्र जो कि आपको सम्बोधित है, प्राप्त हुआ है ?<br>(ख) यदि हाँ तो उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या हैं ?<br>(ग) उस पर क्या कार्यवाही की गयी है ? | उप मुख्य मंत्री |

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

(ङ) उक्त पत्र पर कब तक कार्यवाही करायेंगे ?

**जनपद-उन्नाव में आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों की पदोन्नति के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री राज बहादुर सिंह चन्देल<br>8 | *8-(क) क्या बाल विकास एवं पुष्टहार मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश में आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों की पदोन्नति हेतु नियमावली है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त नियमावली के अनुसार जनपद-उन्नाव में पदोन्नति सीमा में आने वाली पात्र कार्यकत्रियों का विवरण क्या है ? | बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री |

**जनपद-सिद्धार्थनगर के क्षेत्र पंचायत-खेसरहा एवं उस्का बाजार में कुपोषित बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए शासन द्वारा किये जा रहे उपायों के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी<br>9 | *9-(क) क्या बाल विकास एवं पुष्टाहार मन्त्री बतायेंगे कि जनपद सिद्धार्थनगर के क्षेत्र पंचायत खेसरहा एवं उस्का बाजार में दिनांक 01 अप्रैल, 2023 से 31 अगस्त, 2024 तक कुपोषित बच्चों (शिशुओं) की संख्या कितनी है ?<br>(ख) किन-किन पोषक तत्वों की कमी से बच्चे कुपोषित हो रहे हैं ?<br>(ग) कुपोषित बच्चों (शिशुओं) को कुपोषण से बचाने के लिए शासन द्वारा किये जा रहे उपायों से प्राप्त उपलब्धि का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री |

**के0जी0एम0यू0 लखनऊ के गैर शैक्षिक संवर्ग के लैब टेक्नीशियन कैडर के अधिकारियों/कर्मचारियों को एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ के समतुल्य विभिन्न लाभ दिये जाने के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>10 | *10-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा शिक्षा) बतायेंगे कि शासनादेश संख्या-3288/71-2-16-आर0एम0-18/2024, दिनांक 23-08-2016 एवं शासनादेश संख्या-84/2017/5799/71-2-2017- 12/2017, दिनांक 06-12-2017 के अनुपालन में के0जी0एम0यू0 लखनऊ के गैर-शैक्षिक संवर्ग के लैब टेक्नीशियन कैडर के अधिकारियों/कर्मचारियों को एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ के समतुल्य पदनाम, वेतनमान एवं भत्ते दिनांक 01-01-2016 से अनुमन्य किये जाने की कार्यवाही पूर्ण करा ली गयी है ? | उप मुख्य मंत्री |

(ख) क्या मानकीकरण के शासनादेश सं0 110/2022/96/71-2099/753/2021, दिनांक 05-09-2022 एवं शासनादेश सं0 143/2022/170/ 712099-817-2019, दिनांक 30-11-2022 से पहले के0जी0एम0यू0 लखनऊ के गैर शैक्षिक संवर्ग के लैब टेक्नीशियन कैडर के अधिकारियों/कर्मचारियों को एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ के समतुल्य कैडर स्ट्रक्चरिंग करा ली गयी थी ?

(ग) क्या शासनादेश सं0 3288/71-2-16-आर0एम0-18/2024, दिनांक 23-08-2016 एवं शासनादेश सं0 84/2017/5799/71-2-2017-12/2017, दिनांक 06-12-2022 के अनुपालन में के0जी0एम0यू0 लखनऊ के गैर-शैक्षिक संवर्ग के लैब टेक्नीशियन कैडर के अधिकारियों/कर्मचारियों को एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ के समतुल्य ही भर्ती, पदोन्नति एवं ज्येष्ठता का लाभ दिया गया है ?

(घ) यदि नहीं, तो उक्त को कब तक एस0जी0पी0 जी0आई0 की भांति लाभ प्रदान करायेंगे ?

**लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 में संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज में प्रशिक्षण देने वाले सामान्य मास्टर ट्रेनरों के पारिश्रमिक का भुगतान कराये जाने के सम्बन्ध में**

श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी
11

*11-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 में संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज में जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर द्वारा प्रशिक्षण देने का दायित्व सामान्य मास्टर ट्रेनर के रूप में शिक्षकों की तैनाती की गई थी ? — मुख्य मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो क्या 106 सामान्य मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण हेतु जनपद सिद्धार्थनगर में तैनात किये गये थे ?

(ग) यदि हाँ, तो क्या उसमें 109 शिक्षकों ने अपने दायित्वों का निर्वहन किया था ?

(घ) यदि हाँ, तो उसमें से कितने सामान्य मास्टर ट्रेनरों के पारिश्रमिक का भुगतान किया गया है तथा अभी कितने शेष हैं ?

(ङ) क्या अभी तक भुगतान न होने के कारणों की जाँच कराकर जांच आख्या सदन की भेज पर रखेंगे ?

**जनहित में प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे चिकित्सकों का परामर्श शुल्क तथा चिकित्सीय जाँच का शुल्क राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर किये जाने के सम्बन्ध में**

श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह 12 — उप मुख्य मंत्री

*12-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनहित में प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे चिकित्सकों का परामर्श शुल्क व विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय जांच का शुल्क निजी चिकित्सालयों में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर किए जाने पर विचार करेंगे ?

(ख) मरीजों का शोषण एवं कर की चोरी रोकने के लिए मरीजों से फीस चिकित्सकों/प्राइवेट अस्पतालों में ऑनलाईन लिए जाने का प्राविधान करेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

**वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत धर्मार्थ कार्य विभाग द्वारा कराये गये कार्यों के सम्बन्ध में**

श्री आशुतोष सिन्हा 13 — मुख्य मंत्री

*13-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत धर्मार्थ कार्य विभाग के अन्तर्गत दिनांक 01 जनवरी, 2024 से दिनांक 18 नवम्बर, 2024 तक कौन-कौन से कार्य कराये गये हैं ?

(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

**एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये प्रतिदिन ओ0पी0डी0 कराये जाने के सम्बन्ध में**

डा0 मान सिंह यादव 14 — उप मुख्य मंत्री

*14-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा शिक्षा), बतायेंगे कि एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ में सभी प्रकार के मरीजों की प्रतिदिन ओ0पी0डी0 होती है ?

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों और कब तक हर प्रकार के मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन ओ0पी0डी0 चालू करायेंगे ?

श्री आशुतोष सिन्हा 15 *15-[विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त]

**आपातकालीन अवधि के दौरान जनपद-झाँसी के थाना कोतवाली एवं थाना-नवावाद की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये राजनैतिक बंदियों को लोकतंत्र सेनानी पेंशन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में**

श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह 16 — राजनैतिक पेंशन मंत्री

*16-(क) क्या राजनैतिक पेंशन मंत्री बतायेंगे कि आपातकालीन अवधि (दिनांक 25 जून, 1975 से 21 मार्च, 1977 तक) के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्षरत और क्रियाकलापों में भाग लेने वाले मीसा/डी0आई0आर0 के अधीन जनपद-झाँसी के थाना कोतवाली एवं थाना-नवावाद की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये कितने राजनैतिक बंदियों को लोकतंत्र सेनानी पेंशन प्रदान की जा रही है ?

(ख) क्या लोकतंत्र सेनानियों के नाम एवं पते की सूची सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) उपरोक्त व्यक्तियों के लोकतंत्र सेनानी होने का सत्यापन गृह विभाग से कब कराया गया ?

(घ) क्या सत्यापन के प्रपत्र सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**प्रदेश में निराश्रित/परित्यक्त महिलाओं को और अधिक सुविधायें और सरकारी सहायता पहुँचाने के लिये बनायी गयी कार्य योजना के सम्बन्ध में**

श्री हंसराज विश्वकर्मा 17 — महिला कल्याण मंत्री

*17-(क) क्या महिला कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में निराश्रित/परित्यक्त महिलाओं के लिए कौन-कौन सी योजनायें महिला कल्याण विभाग के अधीन चल रही हैं ?

(ख) भविष्य में परित्यक्त महिलाओं को और अधिक सुविधायें और सरकारी सहायता पहुंचाने की क्या कोई कार्य योजना बनायेंगे ?

(ग) यदि हां, तो उसका विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

**प्रदेश में विधवा महिलाओं को अधिक सुविधायें तथा सरकारी सहायता पहुँचाने के लिये महिला कल्याण विभाग द्वारा कार्य योजना बनाये जाने के सम्बन्ध में**

श्री हंसराज विश्वकर्मा 18 — महिला कल्याण मंत्री

*18-(क) क्या महिला कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में विधवा महिलाओं के लिए महिला कल्याण विभाग की कौन-कौन सी कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं ?

(ख) भविष्य में प्रदेश की विधवा महिलाओं को और अधिक सुविधाएं तथा सरकारी सहायता पहुंचाने के लिये क्या उक्त विभाग कोई कार्य योजना बनायेगा ?

(ग) यदि हां, तो उसका विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

## अतारांकित प्रश्न

श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह उर्फ पूनम सिंह
1

1-(क) क्या आयुष मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-कैथी, वि0ख0-चोलापुर, जनपद-वाराणसी में होम्योपैथिक अस्पताल/डिस्पेंसरी का संचालन एवं भवन का निर्माण कराये जाने हेतु प्रस्ताव जनपद/मुख्यालय द्वारा दिनांक 20 अगस्त, 2024 तक स्वीकृत न होने के कारण उक्त पद्धति से इलाज कराने वाले नागरिकों में असंतोष व्याप्त है ?

आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(ख) क्या उपरोक्त के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 29 जुलाई, 2024 को जो कि आयुष मंत्री को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ?

(ग) यदि हां, तो कब तक उक्त स्थान पर समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कराते हुए होम्योपैथिक अस्पताल/डिस्पेंसरी का संचालन तथा भवन का निर्माण करायेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव
2

2-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) बतायेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2024 से दिनांक 28 अगस्त, 2024 के मध्य प्रयागराज व झांसी मण्डल में सम्बन्धित विभाग की कौन-कौन सी योजनाओं के अर्न्तगत जनता को क्या-क्या लाभ प्राप्त हुये हैं ?

उप मुख्य मंत्री

(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री आशुतोष सिन्हा
3

3-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) बतायेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2024 से 29 अगस्त, 2024 के मध्य वाराणसी, मिर्जापुर व आजमगढ़ मण्डलों में परिवार कल्याण विभाग की कौन-कौन सी योजनाओं से जनता को क्या-क्या लाभ प्राप्त हुये हैं ?

उप मुख्य मंत्री

(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री आशुतोष सिन्हा
4

4-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि बलरामपुर चिकित्सालय में ऐसे कितने मनोचिकित्सक व अन्य चिकित्सक हैं, जो बालाजी हॉस्पिटल, सिविल लाइन्स, हरदोई में प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं ?

उप मुख्य मंत्री

(ख) क्या सरकार सरकारी चिकित्सकों को प्राइवेट प्रैक्टिस के लिये अनुमति प्रदान करती है ?

(ग) यदि नहीं, तो प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही करायेंगे ?

(घ) यदि हां, तो कब तक ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव
5

5-(क) क्या आयुष मंत्री बतायेंगे कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थानान्तरण नीति क्या है ?

आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(ख) क्या जनपद-चित्रकूट के होम्योपैथिक जिला अस्पताल कर्वी में चिकित्साधिकारियों/कर्मचारियों का स्थानान्तरण, नीति के तहत कर दिया गया है ?

(ग) यदि हां, तो कब ?

(घ) यदि नहीं, तो अभी तक उक्त अस्पताल के चिकित्साधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानान्तरण न किये जाने के क्या कारण हैं ?

(ङ) उक्त चिकित्साधिकारियों/कर्मचारियों का स्थानान्तरण कब तक करा दिया जायेगा ?

(च) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव
6

6-(क) क्या आयुष मंत्री बतायेंगे कि जनपद-चित्रकूट के होम्योपैथिक जिला अस्पताल कर्वी में तथा अन्य आयुष चिकित्सालयों में काफी गंदगी रहती है तथा वहाँ पर महिला शौचालयों की उचित व्यवस्था नहीं है ?

आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(ख) यदि हां, तो उक्त आयुष चिकित्सालयों में महिला कर्मचारियों तथा चिकित्साधिकारियों के लिये समुचित शौचालय की व्यवस्था करायेंगे ?

(ग) यदि हां, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 7 — आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

7-(क) क्या आयुष मंत्री बतायेंगे कि जनपद उन्नाव के शुक्लागंज में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के निर्माण हेतु शासनादेश सं0-35/2023/7615/001-96-2002-003-4-2023 दिनांक 29 दिसम्बर, 2023 तथा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च, 2023 के तहत 59.36 लाख के प्रस्ताव से धनराशि रुपये 29,68,000 निर्गत की गयी थी ?

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त चिकित्सालय का निर्माण करा दिया गया है ?

(ग) यदि हां, तो कब ?

(घ) यदि नहीं, तो अब तक वित्तीय स्वीकृति होने के बाद भी चिकित्सालय का निर्माण नहीं कराने के क्या कारण हैं ?

डा0 मान सिंह यादव 8 — मुख्य मंत्री

8-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि कार्यालय आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन में कार्यरत प्राइस मॉनिटरिंग एण्ड रिसोर्स यूनिट उ0प्र0 के आउटसोर्सिंग कार्मिकों को समय से/कई-कई माह के वेतन का भुगतान न हो पाने के कारण उनका परिवार भुखमरी के कगार पर आ गया है ?

(ख) यदि हाँ, तो सम्बन्धित कार्मिकों को समय से वेतन भुगतान हेतु क्या व्यवस्था करायेंगे और उनके वेतन भुगतान में विलम्ब हेतु कौन-कौन अधिकारी उत्तरदायी हैं ?

(ग) उक्त कार्मिकों को दिनांक 01 जनवरी, 2022 से 15 सितम्बर, 2024 तक माहवार कब-कब वेतन का भुगतान किया गया है, का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री आशुतोष सिन्हा 9 — उप मुख्य मंत्री

9-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि वाराणसी केन्द्रीय कारागार में धनउगाही के नाम पर कैदियों का उत्पीड़न करने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही कराते हुए शीघ्र उनका स्थानान्तरण अन्यत्र किये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 22 अगस्त, 2024 जोकि आपको सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ?

(ख) यदि हां, तो कैदियों का उत्पीड़न करने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गयी है, उनका स्थानान्तरण कहां किया गया है ?

(ग) यदि नहीं, तों इतने संवेदनशील प्रकरण पर अब तक कार्यवाही न किये जाने के क्या कारण हैं और उनको संरक्षण देने वाले/उक्त प्रकरण में तत्काल कार्यवाही न करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उनके विरुद्ध कब तक कार्यवाही करायेंगे ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>10 | 10-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि प्रदेश में 36 ए0एन0एम0 सेन्टर हैं, जिसमें से मात्र एक ही जनपद-गोरखपुर को ही छात्रवृत्ति प्रदान की गयी है और शेष 35 ए0एन0एम0 सेन्टर को नहीं प्रदान की गयी है, जिससे उक्त सेन्टर के छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है व छात्रों में भारी रोष व्याप्त है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो शेष 35 ए0एन0एम0 सेन्टर को छात्रवृत्ति प्रदान न किये जाने के क्या कारण हैं और कब तक शेष 35 ए0एन0एम0 सेन्टर को छात्रवृत्ति प्रदान करायेंगे ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>11 | 11-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि सचिवालय के बापू भवन स्थित डिस्पेंसरी में कितने चिकित्सा कर्मी लगातार पिछले कई वर्षों से सम्बद्ध हैं और उनके द्वारा कौन-कौन सी सेवायें सचिवालय में प्रदान की जा रही हैं ?<br>(ख) उक्त डिस्पेंसरी में वर्तमान में कितने चिकित्सा कर्मी के पद रिक्त हैं और कब तक उनको पूर्ण करा दिया जायेगा ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>12 | 12-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि सचिवालय के बापू भवन स्थित डिस्पेंसरी में वर्ष 2022, 2023 तथा 23 सितम्बर, 2024 तक कितने ओ0पी0डी0 रोगियों का पंजीकरण किया गया ?<br>(ख) उक्त अवधि में डिस्पेंसरी में कौन-कौन सी सुविधाओं की बढ़ोत्तरी की गयी है ?<br>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उप मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>13 | 13-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि सचिवालय के बापू भवन स्थित डिस्पेंसरी में वर्तमान में कौन-कौन सी सुविधाओं का लाभ कार्मिकों को प्राप्त हो रहा है ? | उप मुख्य मंत्री |

(ख) क्या प्राप्त सुविधाओं के सापेक्ष चिकित्सक सुचारु रूप से अपनी सेवायें प्रदान कर रहे हैं ?

(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>14 | 14-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि सचिवालय के बापू भवन स्थित डिस्पेंसरी में कार्मिकों के लिए डेन्टल चिकित्सक/डेन्टल स्वास्थ्य सेवा की व्यवस्था न होने के कारण कार्मिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हां, तो कब तक डेन्टल चिकित्सक/डेन्टल स्वास्थ्य सेवा की व्यवस्था करायेंगे ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>15 | 15-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश सचिवालय बापू भवन डिस्पेंसरी में लेवल-4 के चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त लेवल के चिकित्सक वर्तमान में कार्यरत हैं ?<br>(ग) यदि नहीं, तो कब से उक्त लेवल के चिकित्सकों के पद पर उक्त डिस्पेंसरी में नियुक्ति नहीं की गयी है और कब तक उक्त लेवल के चिकित्सकों के पद धारक चिकित्सक की तैनाती करायेंगे, जिससे उत्तर प्रदेश सचिवालय के कार्मिकों को अनुभवी चिकित्सकों से चिकित्सीय लाभ प्राप्त हो सके ?<br>(घ) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>16 | 16-(क) क्या पर्यटन मंत्री बतायेंगे कि जनपद उन्नाव, तहसील-हसनगंज, ब्लाक व वि0ख0-औरास, ग्राम-उटरा डकौली के बाहर स्थित साईं मंदिर में बिजली, पानी तथा शौचालय न होने के कारण भक्तों को काफी असुविधा होती है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त मंदिर में बिजली, पानी एवं शौचालय की व्यवस्था तथा सौन्दर्यीकरण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन मंत्री |

श्री आशुतोष सिन्हा 17 | 17-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा शिक्षा) बतायेंगे कि राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज में स्थित कैंसर हॉस्पिटल व हृदय रोग हॉस्पिटल में अलग-अलग अस्पतालों का पूर्ण संचालन करने हेतु कितने पदों का सृजन किया जाना प्रस्तावित है ? | उप मुख्य मंत्री

(ख) उक्त सृजित पदों की स्वीकृति के उपरान्त पदों पर चयन की प्रक्रिया कब तक पूर्ण करायेंगे ?

(ग) उक्त कैंसर हॉस्पिटल के संचालन हेतु पी0जी0आई0, लखनऊ से सम्बद्ध करने की कोई योजना विचाराधीन है ?

(घ) उक्त हृदय रोग हॉस्पिटल के संचालन हेतु हृदय रोग संस्थान कानपुर से सम्बद्ध करने की कोई योजना विचाराधीन है ?

(ङ) उपरोक्त मेडिकल कालेज में मरीजों के कपड़े, बिस्तर, मेंटीनेंस आदि कार्य के लिये क्या कार्य योजना है ?

डा0 मान सिंह यादव 18 | 18-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्लाक-जगतपुर, जनपद-रायबरेली में वर्तमान समय में बीमार मरीजों को कौन-कौन सी सुविधायें प्राप्त हो रही हैं ? | उप मुख्य मंत्री

(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 19 | 19-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदीटीकर, वि0ख0-जगतपुर, जनपद-रायबरेली में दिनांक 01 जनवरी, 2022 से दिनांक 08 अक्टूबर, 2024 तक कौन-कौन सी दवायें कितनी मात्रा में विभाग से प्राप्त हुई हैं और कितनी वितरित की गयी हैं ? | उप मुख्य मंत्री

(ख) क्या उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात चिकित्सकों द्वारा दूर-दराज से आये ग्रामीण मरीजों को बाहर से भी दवायें लिखी जा रही हैं, जिस कारण उनको आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ?

(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>20 | 20-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा शिक्षा) बतायेंगे कि राजकीय पैरामेडिकल कालेज कन्नौज में शासन स्तर पर लम्बित कालेज में शिक्षण व्यवस्था हेतु आवश्यक पद सृजन का प्रस्ताव कब तक स्वीकृत किया जायेगा ?<br>(ख) उपरोक्त में कुल कितने पद (पदवार संख्या नाम सहित) सृजित होंगे एवं उनके सापेक्ष कब तक पदों पर भर्ती करायेंगे ?<br>(ग) उक्त पैरामेडिकल कालेज के सभी शैक्षणिक कार्य राजकीय मेडिकल कालेज से हटवाकर पैरामेडिकल कालेज के भवनों में कब तक चालू करवायेंगे ?<br>(घ) तिर्वा-कन्नौज रोड से पैरामेडिकल कालेज तक एवं पैरामेडिकल कालेज से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के सर्विस लेन तक रोड का चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण करायेंगे ? | उप मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>21 | 21-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि सेवानिवृत्त उप निरीक्षकों के इलाज में व्यय चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों को स्वीकृत किये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 09 अक्टूबर, 2024 जोकि अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, अनुभाग-6 को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त दावों को स्वीकृत करा दिया गया है और विलम्ब के लिए कौन-कौन अधिकारी उत्तरदायी हैं उनका उत्तरदायित्व निर्धारित करायेंगे ?<br>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उप मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>22 | 22-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्लाक-पट्टी, जनपद-प्रतापगढ़ में कौन-कौन सी सुविधायें मरीजों को प्राप्त हो रही हैं और पिछले दो वर्षों में कौन-कौन सी सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की गयी है ?<br>(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>23 | 23-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्लाक-बिहार, जनपद-प्रतापगढ़ में कौन-कौन सी सुविधायें मरीजों को प्राप्त हो रही हैं और पिछले दो वर्षों में कौन-कौन सी सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की गयी है ?<br>(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>24 | 24-[अन्तरित] | |
| डा0 मान सिंह यादव<br>25 | 25-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि दिनांक 25 जनवरी, 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रूपईडीह, थाना-कौड़िया, जनपद-गोण्डा में प्रसव कराने के दौरान की गयी लापरवाही व तीमारदारों/मरीजों से किये गये अभद्र व्यवहार पर कार्यवाही कराये जाने हेतु आई0जी0आर0एस0 संख्या-12183240160791 के माध्यम से दिनांक 14 सितम्बर, 2024 को महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को मुख्य मंत्री कार्यालय से पत्र प्रेषित किया गया है ?<br>(ख) यदि हां, तो उक्त पत्र में क्या-क्या गम्भीर आरोप थे और उन आरोपों में किन-किन अधिकारियों द्वारा जाँच की गयी है और उक्त प्रार्थना-पत्र में किये गये अनुरोध पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ?<br>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>26 | 26-(क) क्या महिला कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव के तहसील सदर, नगर पालिका गंगाघाट के आदर्श नगर में विधवा पेंशन हेतु आवेदन संख्या-313120484682, 313120628262 व 313120688452 आदि निराश्रित महिलाओं की के0वाई0सी0 होने के उपरान्त भी अभी तक विधवा पेंशन की किस्त लगभग एक वर्ष से नहीं दी गयी है ? | महिला कल्याण मंत्री |

(ख) यदि हाँ, तो उक्त निराश्रित महिलाओं की पेंशन उनके खातों में भिजवायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 27 — 27-(क) क्या महिला कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद उन्नाव, तहसील-पुरवा, ब्लाक-हिलौली, पोस्ट-सन्दाना, ग्राम-गजराजखेड़ा में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन संख्या-313110538492 व 313110552382 के साथ ही कितनी निराश्रित महिलाओं के द्वारा विधवा पेंशन के आवेदन किये गये थे ? — महिला कल्याण मंत्री

(ख) क्या उक्त आवेदनों की पेंशन लाभार्थियों के खाते में भेज दी गयी है ?

(ग) यदि हां, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो उक्त धनराशि को लाभार्थियों के खाते में अभी तक न भेजे जाने के क्या कारण हैं ?

(ङ) क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(च) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह 28 — 28-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद-देवरिया में जिला लेखा प्रबन्धक, एन0एच0एम0 के पद पर कितने कर्मचारी कितनी अवधि से तैनात हैं ? — उप मुख्य मंत्री

(ख) शासन की स्थानान्तरण नीति के विरुद्ध जनपद देवरिया में जिला लेखा प्रबन्धक, एन0एच0एम0 के पद पर तैनाती के क्या कारण हैं ?

(ग) क्या स्थानान्तरण नीति का अनुपालन कराते हुए नीति के विरुद्ध तैनात कर्मियों का स्थानान्तरण करायेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह 29 — 29-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद सीतापुर, विकास खण्ड-बिसवां मुख्यालय पर स्थित चिकित्सालय में अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा न होने से मरीजों को जांच हेतु काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ? — उप मुख्य मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री पवन कुमार सिंह 30 | 30-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद सीतापुर, विकास खण्ड-बिसवां मुख्यालय पर स्थित चिकित्सालय में सर्जन की नियुक्ति न होने से सम्बन्धित मरीजों को इलाज हेतु काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु सर्जन की नियुक्ति करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| श्री पवन कुमार सिंह 31 | 31-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद सीतापुर, विकास खण्ड-मिश्रिख मुख्यालय पर स्थित चिकित्सालय में आंख के डॉक्टर न होने से मरीजों को जांच हेतु काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु आंख के डॉक्टर की नियुक्ति करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| श्री पवन कुमार सिंह 32 | 32-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद सीतापुर में विकास खण्ड-रामपुर मथुरा, ग्राम पंचायत-तुलसीपुर बंजर के दरियापुर गांव में 08 किमी0 की दूरी तक कोई सरकारी अस्पताल नहीं है, जिससे क्षेत्र की गरीब जनता को इलाज कराने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु उक्त ग्राम पंचायत में सरकारी अस्पताल खुलवायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |
| श्री पवन कुमार सिंह 33 | 33-(क) क्या पर्यटन मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड पहला, तहसील महमूदाबाद अन्तर्गत ग्राम पंचायत बजेहरा में लगभग 300 वर्ष पुराना शिव मन्दिर (अचलनाथ मन्दिर) है, जिसकी स्थिति बहुत ही दयनीय है, जिससे वहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को पूजा (रुद्राभिषेक) आदि में काफी परेशानी होती है ? | पर्यटन मंत्री |

(ख) यदि हाँ, तो क्या प्राचीन अचलनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह 34 | 34-(क) क्या पर्यटन मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर विकास खण्ड महमूदाबाद में जोडौरा शिव मंदिर देखभाल के अभाव में अत्यन्त दयनीय स्थिति में हो गया है ? | पर्यटन मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो क्या जोडौरा शिव मंदिर का निर्माण/जीर्णोद्धार करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री उमेश द्विवेदी 35 | 35-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव, तहसील-हसनगंज, ग्राम-कोटरा में स्थित मुरलीधर बाबा के पौराणिक क्षतिग्रस्त मन्दिर का जीर्णोद्धार करायेंगे ? | मुख्य मंत्री

(ख) यदि हां, तो उक्त मन्दिर प्रांगण में स्थित कुण्ड में माँ गंगा का प्रवाह होने के कारण विभिन्न गंगा स्नान के पर्व पर प्रांगण में मेले, कुण्ड में स्नान तथा मन्दिर दर्शन को हजारों भक्त आते हैं ?

(ग) यदि हाँ, तो कुण्ड में भक्तों के जीवन रक्षक यन्त्र तथा मन्दिर के क्षतिग्रस्त शिखर के गिरने से भक्तों की जान का खतरा हमेशा बना रहता है ?

(घ) यदि हाँ, तो उक्त मन्दिर का जीर्णोद्धार कराकर भक्तों के जीवन की रक्षा करायेंगे ?

(ङ) यदि हाँ, तो कब तक ?

(च) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 36 | 36-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि प्रदेश में मलेरिया निरीक्षकों के वेतन वृद्धि/विशेष भत्ता/प्रोत्साहन भत्ता दिये जाने का कोई प्रस्ताव लम्बित है ? | उप मुख्य मंत्री

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त वेतन वृद्धि/विशेष भत्ता/प्रोत्साहन भत्ता कब तक दे दिये जायेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 37 | 37-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जिला महिला चिकित्सालय, अयोध्या में लिपिकीय कार्य फार्मासिस्ट से लिये जाने हेतु शिकायती-पत्र की जांच कराकर शिकायती-पत्र में किये गये अनुरोधानुसार कार्यवाही | उप मुख्य मंत्री

कराते हुए जांच आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निदेशक, प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-4डी(1)/विविध/2023/3000, दिनांक 02-06-2023 जोकि मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय, अयोध्या को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ?

(ख) यदि हां, तो उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे और मुख्य बिन्दुओं के आधार पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ?

(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों और कब तक उक्त पत्र में किये गये अनुरोध पर कार्यवाही कराते हुए विलम्ब करने वाले कार्मिकों का उत्तरदायित्व निर्धारित करायेंगे ?

श्री आशुतोष सिन्हा
38

38-(क) क्या आयुष मंत्री बतायेंगे कि उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा 113 आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारियों के परिणाम घोषित होने के 11 महीने बाद भी विज्ञापन संख्या-02/2022-2023 द्वारा चयनित कार्मिकों को नियुक्ति-पत्र अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं ?

आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(ख) यदि हां, तो विलम्ब के क्या कारण हैं और उक्त विलम्ब हेतु कौन-कौन उत्तरदायी हैं और कब तक चयनित कार्मिकों को नियुक्ति-पत्र प्राप्त करा दिये जायेंगे ?

(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह
39

39-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद हरदोई के ब्लाक-कोथावाँ में कोयावाँ कस्बे के कोथावाँ-अतरौली मार्ग पर कितने प्राइवेट नर्सिंग होम संचालित हैं, उनके नाम क्या हैं ?

उप मुख्य मंत्री

(ख) प्राइवेट नर्सिंग होम जिस भवन में संचालित हैं उनके भवन स्वामियों का नाम क्या है एवं उक्त नर्सिंग होम कबसे उसमें संचालित हैं ?

(ग) संचालित प्राइवेट नर्सिंग होम की अनुमति किस स्तर से प्रदान की गयी एवं कब-कब प्रदान की गयी, उसकी प्रति सदन की मेज पर रखेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह<br>40 | 40-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद हरदोई के ब्लाक-कोथावाँ में कोथावाँ कस्बे के कोथावाँ-अतरौली मार्ग पर कितने प्राइवेट नर्सिंग होम संचालित हैं, उनके नाम क्या हैं ?<br>(ख) प्राइवेट नर्सिंग होम जिस भवन में संचालित हैं उनके भवन स्वामियों का नाम क्या है एवं भवन में विद्युत संयोजन कब एवं किसके नाम से कब-कब किया गया है ?<br>(ग) क्या विद्युत संयोजन के प्रपत्र सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उप मुख्य मंत्री |

# नत्थी 'ख'

**याचिका की प्रतिलिपि**

**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,

विधान परिषद्,

उत्तर प्रदेश।

**विषय** : जनपद-सीतापुर के अन्तर्गत विकास खण्ड-बिसवां, ग्राम पंचायत-करौदी के तुलसीपुर गांव में मनीष द्विवेदी के घर के पास भोलेनाथ के स्थान से गांव के बाहर लगे ट्रांसफार्मर तक लगभग 100 मीटर इण्टरलाकिंग रोड बनवाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हम सभी प्रार्थीगण जनपद-सीतापुर, विकास खण्ड बिसवां, ग्राम पंचायत-करौदी के निवासी हैं। करौदी के तुलसीपुर गांव में मनीष द्विवेदी के घर के पास भोले नाथ के स्थान से गांव के बाहर ट्रांसफार्मर तक रोड अत्यन्त खराब है। लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त कार्य को कराये जाने हेतु गांव के लोगों द्वारा स्थानीय प्रशासन से कई बार अनुरोध किया गया। जबकि जिला स्तर पर धन भी उपलब्ध है।

अतः माननीय सदन से आग्रह है कि उक्त ग्राम सभा में इण्टरलॉकिंग रोड निर्माण कराये जाने की कृपा करें।

प्रार्थीगण,

05 व्यक्तियों के हस्ताक्षर।

-------

# नत्थी 'ग'

**याचिका की प्रतिलिपि**

**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,

विधान परिषद्,

उत्तर प्रदेश।

**विषय :** जनपद-सीतापुर के अन्तर्गत विकास खण्ड-बिसवां, ग्राम पंचायत-करौदी के तुलसीपुर गांव में इण्टरलाकिंग से करौदी प्राइमरी पाठशाला के डामर रोड तक इण्टरलाकिंग रोड बनवाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हम सभी प्रार्थीगण जनपद-सीतापुर, विकास खण्ड बिसवां, ग्राम पंचायत-करौदी के निवासी हैं। करौदी के तुलसीपुर गांव में इण्टरलाकिंग से करौदी प्राइमरी पाठशाला डामर रोड तक रोड अत्यन्त खराब है। उक्त कार्य को कराये जाने हेतु गांव के लोगों द्वारा स्थानीय प्रशासन से कई बार अनुरोध किया गया। जबकि जिला स्तर पर धन भी उपलब्ध है।

अतः माननीय सदन से आग्रह है कि उक्त ग्राम सभा में इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कराये जाने की कृपा करें।

प्रार्थीगण,

05 व्यक्तियों के हस्ताक्षर।

-------

# नत्थी 'घ'

**याचिका की प्रतिलिपि**

**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,

विधान परिषद्,

उत्तर प्रदेश।

**विषय :** जनपद-लखनऊ के अन्तर्गत गोमती नगर विस्तार, गंगोत्री विहार, फेस-2, भैंसोरा, खरगापुर क्रासिंग से भरवारा कासिंग (निकट लालकोठी, गंगोत्री विहार फेस-2 रोड) के पास श्री तीर्थराज पाल के मकान से श्री जय सिंह के मकान तक लगभग 100 मीटर इण्टरलाकिंग रोड बनवाये जाने के सम्बन्ध में

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हम सभी प्रार्थीगण गंगोत्री विहार, फेस-2, भैंसोरा खरगापुर गोमती नगर विस्तार जनपद-लखनऊ, के निवासी हैं। हम लोगों को अपने आवास तक आने-जाने के लिये मुख्य मार्ग खरगापुर कासिंग से भरवारा क्रासिंग (निकट लालकोठी, गंगोत्री विहार, फेस-2, रोड) जो एस0टी0पी0 मुख्यमार्ग में मिलती है, से कालोनी के लिये लिंक रोड 30 फिट चौड़ा कच्चा ऊबड़-खाबड़ रास्ता है। उक्त मुख्य मार्ग पर स्थित श्री तीर्थराज पाल के मकान से श्री जय सिंह के मकान तक रोड बनाये जाने के लिए स्थानीय प्रशासन से कई बार अनुरोध किया गया। जबकि जिला स्तर पर धन भी उपलब्ध है।

अतः माननीय सदन से आग्रह है कि उक्त स्थान पर सी0सी0/इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कराये जाने की कृपा करें।

प्रार्थीगण,

06 व्यक्तियों के हस्ताक्षर।

-------

# नत्थी 'ङ'

**याचिका की प्रतिलिपि**

**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,

विधान परिषद्,

उत्तर प्रदेश।

**विषय** : जनपद-मिर्जापुर के अन्तर्गत विकास खण्ड-सिटी, ग्राम पंचायत-कतरन के पोस्ट-राजपुर आमघाट, ग्राम-चिन्दलिख दुबे में उत्तर दिशा में स्थित नहर से अनिल तक तथा अवधेश दुबे के मशीन से होते हुये रामचन्द्र के घर तक लगभग-500 मीटर काली सड़क/सी0सी0 रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हम सभी प्रार्थीगण ग्राम पंचायत-कतरन के गांव चिन्दलिख दुबे, पोस्ट-राजपुर आमघाट, विकास खण्ड सिटी, जनपद-मिर्जापुर के निवासी हैं। आपको अवगत कराना है कि हमारे गांव चिन्दलिख दुबे के उत्तर दिशा में स्थित नहर से अनिल तथा अवधेश दुबे होते हुए रामचन्द्र के घर तक सड़क काफी जर्जर स्थिति में है। उक्त कार्य को कराये जाने हेतु गांव के लोगों द्वारा स्थानीय प्रशासन से कई बार अनुरोध किया गया। जबकि जिला स्तर पर धन भी उपलब्ध है।

अतः माननीय सदन से आग्रह है कि उक्त 500 मीटर सी0सी0 रोड बनवाये जाने की कृपा करें।

प्रार्थीगण,

05 व्यक्तियों के हस्ताक्षर।

-------

निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश (लखनऊ) द्वारा मुद्रित।